ont>

Title: Regarding reported statement of the Chief Minister, Uttar Pradesh against Hindu Gods and Hindu religion.

श्री चन्द्रकांत खैरे : महोदय, यू.पी. की मुख्य मंत्री मायावती जी ने हाल ही में कोई स्टेटमेंट दिया है और उन्होंने हिन्दू धर्म और हिन्दू देवी-देवताओं के बारे में बुरे-बुरे शब्द कहे हैं। हम यह कहेंगे कि हिन्दुओं के बारे में जो कहा गया है, उससे हमारे मन पर चोट लगी है और हम हिन्दू उसे बर्दाश्त नहीं करेंगे, शिव सेना बर्दाश्त नहीं करेगी। उसके पहले ही बदले की भावना को लेकर यू.पी. की स्थिति बहुत गंभीर हो चुकी है। यू.पी. में जनता के विकास का कोई काम नहीं हो रहा है। इतना होने के बाद भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार के लोग, हमारे मित्र उनके साथ हैं। मैं सरकार को भी यह कहूंगा और यहां जो मान्यवर बैठे हैं कि हम लोग प्रभु रामचंद्र के नाम पर यहां आए हैं। मैं अयोध्या गया था। मेरे खिलाफ भी एफआईआर दाखिल की और श्री राम का उद्घोा करने के बारे में हमें भी मना कर दिया गया और मेरे खिलाफ एफआईआर दाखिल की गई। राम के बारे में उद्घोा करने पर विरोध और हिन्दू देवी-देवताओं के बारे में बुरे-बुरे शब्द कुत्ता, बिल्ली और क्या-क्या कहा गया। हमारे देवी-देवताओं के बारे में उन्होंने जो ऐसा कहा है, उसे हम बर्दाश्त नहीं करेंगे, शिवसेना कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। हम अपनी सरकार से कहना चाहते हैं कि हिन्दू देवी-देवताओं के बारे में एलायंस पार्टी यू.पी. की मुख्यमंत्री ने जो कहा है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।â€¦(व्यवधान)हम यह नहीं कहेंगे कि उनके खिलाफ 'पोटा' दाखिल करो लेकिन उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

MR. SPEAKER: The House stands adjourned to meet again at 2 p.m.

13.14 hrs.

The Lok Sabha then adjourned for Lunch till

Fourteen of the Clock.